DAINIK BHASKAR, Delhi, 26.2.2023
Page No. 1, Size:(11.88)cms X (10.52)cms.

**तेल का खेल** कंपनियों को 34 हजार करोड़ का लाभ

# तेल कंपनियां व सरकारें मोटा मुनाफा कमा रहीं, फिर भी दाम नहीं घटा रहीं

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

तेल कंपनियां प्रति लीटर कच्चे तेल पर करीब 6 रु. बचा रही हैं। अक्टूबर से दिसंबर 2022 तिमाही के नतीजे बताते हैं कि देश की बड़ी तेल कंपनियों ने कुल 34 हजार करोड़ रु. का मुनाफा कमाया है। वहीं, सरकार ने भी पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी घटाने से हुए नुकसान की भरपाई के लिए विंडफॉल टैक्स लगाना शुरू कर दिया है। सूत्रों की मानें तो इससे अब तक सरकारी खाते में करीब 45 हजार करोड़ रु. आ चुके हैं। चालू वित्त वर्ष में यह 60 हजार करोड़ तक हो सकता है। बावजूद इसके पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई राहत नहीं दी जा रही।

## ओएनजीसी सबसे ज्यादा फायदे में



| तेल कंपनी | मुनाफा |
|---|---|
| ओएनजीसी | 11,045 |
| बीपीसीएल | 1747 |
| इंडियन ऑयल | 448 |
| हिंदुस्तान पेट्रो. | 444 |
| गेल | 398 |

(आंकड़े करोड़ रु. में)

- पिछले 5 कारोबारी दिवस में कच्चे तेल के दाम 85 डॉलर से घटकर 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गए हैं।
- एचपीसीएल का ग्रॉस रिफाइनरी मार्जिन से प्रॉफिट 11.40 डॉलर/बैरल तक पहुंच गया।
- दिसंबर में कच्चे तेल का दाम 78.1 डॉलर व जनवरी में 80.92 डॉलर/बैरल पर था। कंपनियां 10 डॉलर/बैरल तक लाभ में।